छोटी सी गलती से हो सकता है बड़ा नुकसान



आईजी ने बताए बीमा कर्मियों को साइबर क्राइम से बचने के टिप्स

इंदौर (आरएनएन)। पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल के आईजी वरुण कपूर साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताने के लिए सहयोग अभियान चला रहे हैं। वे बीमा कर्मियों के बीच पहुंचे और उन्हें छोटे-छोटे टिप्स देते हुए कहा कि छोटी सी गलती से भी बड़ा नुकसान हो सकता है। कार्यशाला का आयोजन दि ओरिएण्टल इंश्योरेन्स कंपनी लिमि., इंदौर में किया गया।

आईजी वरूण कपूर ने बीमा क्षेत्र में कार्य करने वाले सदस्यों को वर्तमान् में घटित होने वाले साइबर अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चाहे मीडिया का क्षेत्र हो, चाहे बैंकिंग, शेअर ट्रेडिंग आदि का क्षेत्र हो सभी जगह आधुनिक टेक्नॉलॉजी का उपयोग हो रहा है, इंटरनेट के माध्यम से सभी कार्यों को संपादित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में छोटी सी गलती से भी व्यक्तिगत अथवा संस्थागत नुकसान हो सकता है। इन सबसे बचने का मूल मंत्र हैः जागरूकता। बीमा क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मियों को आधुनिक संचार उपकरणों का उपयोग दैनिक कार्य में सतत् करना होता है। ऐसे में सभी कर्मियों को इंफारमेशन टेक्नॉलॉजी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी होना नितांत आवश्यक है। जब इसकी जानकारी होगी तो ही वे गलती करने से बचेंगे। आईजी ने बताया जिस प्रकार असली दुनिया में हम जीने के लिये सुरक्षा मानकों को अपनाते हैं, उसी प्रकार इस काल्पनिक दुनिया में भी साइबर के शिकार होने से बचना चाहिये। उन्होंने बचाव के तरीके एवं तकनीक उपस्थितजनों को बताई। संस्थान के सदस्यों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी कपूर ने सहजता से दिए। कार्यक्रम के अंत में कपूर के इस स्वप्रेरित प्रयास की बीमा अधिकारियों ने प्रशंसा की एवं कार्यशाला में दी गई जानकारी को बहुत ही लाभकारी एवं उपयोगी बतांया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से आईजी को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। कार्यशाला में दि ओरिएण्टल इंश्योरेंस कंपनी लिमि. के डीजीएम डॉ. मधुसूदन कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक भार्गव, क्षेत्रीय प्रबंधक जॉन.के. प्रसाद व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।